दालों और मसालों का लगातार कम उत्पादन होने के कारण इनके मूल्यों में भारी वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इनका उत्पादन बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(ग) वर्ष 1990 के पश्चात् इन वस्तुओं के उत्पादन का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम) : (क) जी, नहीं । दलहन और मसालों के मूल्यों और उत्पादन से केवल सामान्य उतार-चढ़ाव परिलक्षित हुआ है ।

(ख) दूसरी फसलों में एकड़ क्षेत्र अंतरित हो जाने के कारण मसालों के उत्पादन में मामूली कमी आई है । दलहनों के उत्पादन में वर्षानुवर्ष उतार-चढ़ाव आया है ।

(ग) दलहन तथा मुख्य मसालों (लाल मिर्च, धनिया, लहसुन, काली मिर्च, अदरक और हल्दी) का वर्षवार उत्पादन निम्नवत् है :--

वर्ष	उत्पादन मिलियन मीटरी टन में	
	दाल	मसाले
1989-90	12.86	1.96
1990-91	14.27	1.83
1991-92	12.06	1.68
1992-93	14.70 (अनन्तिम)	उपलब्ध नहीं

Appointment of Executives in National Cooperative Societies

@2251. SHRI SOM PAL :
SHRI SHANKAR DAYAL SINGH :
SHRI SARADA MOHANTY :

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether the Central Government has constituted a body of persons for preparing a list of persons eligible for appointment to the posts of Chief Executive and other managerial posts in national cooperative societies as required under Section 50(a) of Multi-state Cooperative Societies Act, 1984;

(b) whether rules for regulating the recruitment, remuneration, allowances and other service conditions of employees of national cooperative societies have been made as required by Section (b) of the said Act;

(c) if the answers to (a) and (b) above be in the affirmative whether the senior posts of Managing Director, Additional Managing Director, Chief Controller of Finance & Accounts, General Managers and Mangers of the NCCF have been filled according to the procedure;

(d) if not, what are the reasons therefor and what action is being taken against the NCCF for flouting these provisions; and

(e) if the prescribed body and rules under Section 50(a) and (b) have not been formed, what are the reasons therefor and who is responsible for the lapse alongwith the action being taken in this regard ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ARVIND NETAM) : (a) Yes, Sir. Central Government have been constituting such body named as "National Cooperative Societies Selection Committee" in pursuance of s. 50(a) of Multi State Cooperative Societies Act, 1984 and rules framed thereunder, as and when required.

(b) No, Sir.

(c) As per the provisions of section 50(a) of Multi-State Cooperative Societies Act, 1984 and rules framed thereunder, only post of Managing Director of NCCF is within the purview of the Committee referred to above. The action for the selection of M. D. NCCF was taken as per rules.

(d) Does not arise.

(e) Central Government have been constituting such Selection Committee in pursuance of section 50(a) and rules framed thereunder as and when required. However, looking to diversified activities and nature of functions of different National Cooperative Societies, framing of uniform service rules under section 50(b) was not found feasible. A decision has been taken to delete this provision.

@ Previously unstarred Question 1745, transferred from 9th August, 1993.

मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्र में "रामतिल" का उत्पादन

2252. **श्री लक्ष्मीराम अग्रवाल** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में "रामतिल" आदिवासी कृषकों की प्रमुख तिलसी फसल है;

(ख) यदि हां, तो इसकी कुल कितने क्षेत्रफल में खेती की